दिनांक: 28.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा–इस साल के आखिर तक देश में टीबी को खत्म करने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं।
- जयपुर में कल से राज्य स्तरीय आरोग्य मेला–स्वस्थ जीवन शैली के बारे में लोगों को जागरुक किया जाएगा।
- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कल मेगा पीटीएम–शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने सभी अभिभावकों से शामिल होने की अपील की।
- राज्य में अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा पर संभावित बाल विवाहों की आशंका के मद्देनजर सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बरसात–कुछ जगह तेज़ रफ्तार हवाएं चलीं।

**000**

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि इस साल के आखिर तक देश में टीबी को खत्म करने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं। श्री नड्डा ने आज पुरी में **भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में अच्छी, अनुकरणीय प्रथाओं और नवाचार विषय** पर 9वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर श्री नड्डा ने कहा कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर वैश्विक कमी दर से दोगुनी कम हो गई है। वहीं मलेरिया पर काफी हद तक अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नई स्वास्थ्य नीति के तहत चिकित्सा तंत्र में व्यापक सुधार किये हैं।

.............

000

देशभर में कल से **सातवाँ जन औषधि सप्ताह** मनाया जाएगा। केन्द्र सरकार की ओर से मनाए जाने वाले इस सप्ताह के दौरान **फार्मास्युटिकल एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया** द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पी एम बी आई के नोडल अधिकारी शुभम भार्गव ने ये जानकारी देते हुए बताया कि हर साल एक से सात मार्च तक ये सप्ताह आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में कल जोधपुर में पद यात्रा रैली से जन औषधि सप्ताह की शुरुआत होगी। यह रैली कुचामन सिटी में बस स्टेण्ड से लेकर जिला चिकित्सालय के बीच आयोजित की जाएगी। 2 मार्च को भगत की कोठी रेलवे स्टेशन स्थित जन औषधि केंद्र पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगेगा। साथ ही पुराने जोधपुर शहर में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। 3 मार्च को जन औषधि बाल मित्र तथा 4 मार्च को शहर में मातृ शक्ति सम्मान व पाँच मार्च को लाचू मेमोरियल कॉलेज में प्रबुद्ध जनों की सेमिनार होगी।

000

जयपुर में कल से राज्य स्तरीय आरोग्य मेला लगाया जा रहा है। 'आरोग्यम–2025' 4 मार्च तक चलने वाले इस मेले का आयोजन जवाहर कला केंद्र में किया जा रहा है। मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और नेचुरोपैथी पद्धतियों द्वारा कई तरह बीमारियों के लिए परामर्श और उपाचार दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और आयुष मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने आज प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मेले के माध्यम से लोगों को आयुष पद्धतियों की प्रभावशीलता तथा स्वस्थ्य जीवनशैली के बारे में जागरुक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के प्रदर्शन के साथ रोजाना योगाभ्यास भी करवाया जाएगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम भी होंगे।

..............

आयुष मंत्री ने प्रेस वार्ता में विभाग के पिछले एक साल के कामों और उपलब्धियों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से बड़ी संख्या में भर्तियां की जा रही हैं। साथ ही राइजिंग राजस्थान के

तहत आयुष विभाग में कई निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्हें धरातल पर उतारने के लिए भी काम किया जा रहा है।

000

जयपुर में 3 मार्च से होने वाले एशिया और प्रशांत क्षेत्र के थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम की तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले तीन दिन के इस आयोजन में विभिन्न देशों के नेता और विशेषज्ञ सतत विकास और कार्बन तटस्थता की दिशा में सर्कुलर सोसायटी को आकार देने पर चर्चा करेंगे। इसका उद्देश्य एशिया और प्रशांत क्षेत्र में थ्री आर यानि रिड्यूज़, रियूज़ और रिसाइकल को बढावा देना है। इस फोरम के इंडिया पेवेलियन में देश के प्रमुख मंत्रालयों और राष्ट्रीय मिशनों की उपलब्धियां प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही नीति निर्माताओं और विषय विशेषज्ञों के विभिन्न संवाद सत्र भी होंगे।

000

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 आज शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। रीट के दूसरे दिन आज एक ही पारी में परीक्षा ली गई। कल दो पारियों में परीक्षाएं हुई थीं। जालौर में पुलिस ने रीट में नकल करवाने के अंदेशे में दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इनके कब्जे से एक लाख रुपये की नकदी और चार मोबाइल सेट बरामद किये हैं। पुलिस ने बताया कि कड़ी निगरानी और सजगता के कारण ये नकल करवाने में नाकाम रहे। इनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

000

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कल सुबह 11 बजे मेगा पीटीएम होगी, यानि अभिभावक शिक्षक बैठक होगी। राजस्थान शिक्षा विभाग की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश के अभिभावकों से अपने बच्चों के विद्यालय पहुंच कर पीटीएम में शामिल होने और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में भूमिका निभाने की अपील की है। शिक्षा विभाग में सचिव कृष्ण कुणाल ने शिक्षकों व अभिभावकों से पूरी निष्ठा के साथ बच्चों के हित में पीटीएम से जुड़ने और इसे सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पीटीएम विद्यार्थियों के हित में शिक्षकों व अभिभावकों के बीच सामंजस्य बनाने का काम करेगी। पीटीएम में मुख्य रूप से कक्षा 3 से 8 के बच्चों को कक्षा स्तर तक लाने के लिए 21 और 22 जनवरी को आयोजित किए गए दक्षता आधारित आकलन–3 के प्रिंटेड परिणाम पत्र उपलब्ध करवाकर बच्चों की प्रगति पर अभिभावकों से चर्चा की जाएगी। पीटीएम में अभिभावकों से अपार आई निर्माण पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही शाला स्वास्थ्य सर्वेक्षण में संकलित की जा रही बच्चों की स्वास्थ्य जानकारी भी दी जाएगी।

000

राज्य में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और पुलिस उपायुक्तों को विशेष चौकस रहने के निर्देश दिये गये हैं। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार ने अक्षय तृतीय और पीपल पूर्णिमा पर्वों पर संभावित बाल विवाहों की आशंका को देखते हुए इस बारे में अधिकारियों को पत्र लिखा है।

एसीएस ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी लोगों में जनजागृति करें और इनको रोकने के लिए समुचित कार्यवाही की जाए। बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में स्कूलों में भी व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

अक्षय तृतीया के के अबूझ सावे पर जिला और उपखंड कार्यालयों में 24 घंटे सक्रिय रहने वाले नियंत्रण कक्ष स्थापित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि बाल विवाहों की रोकथाम के लिए 1 8 1 कॉल सेंटर और पुलिस नियंत्रण कक्ष के 100 नम्बर पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि विवाह निमंत्रण पत्रों में वर वधु की आयु का प्रमाण प्रिंटिंग प्रेस पर रहना आवश्यक है। साथ ही जन्म की तारीख भ निमंत्रण पत्र पर अंकित होनी चाहिए।

000

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित विज्ञान महोत्सव में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती में नई तकनीक के उपयोग की बात कही। उन्होंने युवाओं को पर्यावरण–अनुकूल और सतत विकास की दिशा में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के आयुक्त वी. सरवण कुमार ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित

करने में इस तरह के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विज्ञान क्विज, कार्यशालाएँ, प्रोजेक्ट वर्कशॉप और रोबोटिक्स शो भी हुए।

उधर, जोधपुर के केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान–काजरी में इस मौके पर कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. ओ. पी. यादव और विशेषज्ञ डॉ. प्रियब्रत सांतरा, ने "कृषि भूमि में जल और ऊर्जा सुरक्षा" विषय पर जानकारी दी। इसके साथ ही प्रतिभागियों को जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों और फसल उत्पादन में बढोतरी के बारे में भी बताया गया। वहीं, राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में हुए समारोह में विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें विद्यार्थियों ने कई तरह के मॉडल्स प्रदर्शित किये। चित्तौडगढ के सैनिक स्कूल में भी विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। सवाईमाधोपुर में विज्ञान दिवस के अवसर पर शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गईं।

000

सप्त शक्ति कमान की ओर से आज जयपुर के सैन्य अस्पताल में मेगा मोतियाबिंद सर्जरी शिविर सम्पन्न हुआ। पांच दिन के इस शिविर में 300 से अधिक लोगों के मोतियाबिंद ऑपरेशन किये गये और आंखों की जांच कर निःशुल्क दवाईयां दी गईं। शिविर में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को ये सेवाएं प्रदान की गईं। समापन कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ॠ और सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह भी मौजूद रहे।

000

बाड़मेर नगर परिषद् की ओर से शहर में अभिनव पहल की गई है। इसके तहत बेकार सामान को इकट्ठा कर पार्क बनाया गया है। यह उद्यान बच्चों के मनोरंजन और लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। **वेस्ट टू वंडर पार्क** पर और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

000

प्रदेश के उत्तरी–पश्चिमी भागों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे दिन के तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है। राज्य के कई हिस्सों में आज बादल छाये रहे। राजधानी जयपुर में सुबह से बादल छाये रहने से दिन में भी हल्की ठंड का अहसास हुआ। वहीं सवाई माधोपुर समेत कई जिलों में भी बादल छाये रहे। हनुमानगढ में दिनभर बादलों की आवाजाही रही और हल्की बारिश हुई। बाडमेर में भी बादल छाये रहने से मौसम खुशनुमा हो गया। चूरू जिले में कई जगह बारिश हुई।

मौसम विभाग ने आज बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश व अचानक तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि कल भी जयपुर, भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। विभाग ने कहा है कि परसों से न्यूनतम में 2 से 4 डिग्री की गिरावट तथा अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।

000

पाली में आज रोजगार शिविर लगाया गया। जिला प्रशासन और रोजगार कार्यालय की ओर से राजकीय बांगड उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगाए गए। इस शिविर में 20 से अधिक कम्पनियों के जरिए बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए।